संक्षिप्त

पुष्प वर्षा से रैली का भव्य स्वागत

तारानगर । रूस के मास्को में अंतराष्ट्रीय वुशूस्टार 2025 प्रतियोगिता में तारानगर के एमएसजी हाईटेक गुरुकुल गर्ल्स स्कूल की छात्रा तनवी पुत्री सुशील दाधीच ने रजत पदक जीतकर पूरे खेल जगत में तारानगर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। तारानगर पहुँचने पर कस्बेवासियों ने विजेता तनवी के सम्मान में एक विशाल गौरव रैली निकाली। कस्बे के साहवा सर्किल से नगरपालिका, बस स्टैंड, पुलिस थाना, अम्बेडकर सर्किल सहित मुख्य बाजार से होते हुए तहसील कार्यालय तक विजयी रैली निकाली गयी। इससे पहले का पुष्प माला पहनाकर बेटी तनवी का स्वागत किया गया। जगह जगह पुष्प वर्षा से रैली का भव्य स्वागत किया गया। भारत माता के जयकारों से माहौल को और अधिक गुंजायमान कर दिया। विजेता बेटी के पिता सुशील दाधीच ने इस सबका श्रेय कोच चिंकित शर्मा व बेटी की मेहनत को बताया। रैली के दौरान जिप सदस्य विमला कालवा, बीडीसी सदस्य मोहर सिँह ज्याणी, नगर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, एएसआई सुमेर मीणा, जमरदीन तेली, हरी इंदौरिया, सुशील सरावगी, वीरेंद्र सिँह राठौड़, अखिल चौधरी, रामचंद्र प्रजापत, महेश गहलोत, वीर बहादुर सिँह राठौड़, मोहम्मद तैयब, मुकेश फगेड़िया, रुस्तम तेली, राकेश टाक, सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोगों ने बेटी तनवी का स्वागत किया।

समझाइश कर दो परिवारों का फिर से मिलन कराया

सीकर । महिला थाना पुलिस ने आज समझाइश कर दो परिवारों का फिर से मिलन करवाया महिला थाना अधिकारी मुनेशी मीणा ने अलग-अलग रह रहे दो पति पत्नियों को थाने में बुलाकर काउंसलिंग की काफी लंबी समझाइश के बाद परिवादिया फाइमा पत्नी मोहम्मद नसीम निवासी जगमालपुरा फाटक पिछले 2 वर्षों से आपसी मनमुटाव के चलते अलग रह रहे थे इसी प्रकार समीना पत्नी शाहरूख निवासी बकरा मंडी नवलगढ़ भी आपसी झगड़े के चलते अलग-अलग रह रहे थे जिन्हें आज थाने पर बुलाकर मनमुटाव और झगड़े की वजह जानते हुए समजाइश कर आपस में सुलह कराई गई काफी लंबे समय तक समझाने के बाद दोनों जोड़े फिर से साथ रहने को तैयार हो गए इस समझाईश में महिला थाना अधिकारी मुनेशी मीणा सहित थाने के स्टाफ तथा महिला सुरक्षा केंद्र का विशेष योगदान रहा।

राशन किट बांटने पर लोगों ने जताया आभार

पाटन । यूनाइटेड नेशन वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा मानवता और सेवा की भावना को साकार करते हुए पाटन क्षेत्र में 300 जरूरतमंद परिवारों को निशुल्क राशन किट वितरित किए गए। इस सेवा कार्य का नेतृत्व राजस्थान प्रेसिडेंट देवेंद्र टेलर द्वारा किया गया।राशन वितरण कार्यक्रम पाटन के प्रतिष्ठित शहीद कल्याण सिंह चौक पर आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में जरूरतमंद परिवारों ने शालीनता और अनुशासन के साथ राशन किट प्राप्त किए। राशन किट प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने देवेंद्र टेलर एवं यूनाइटेड नेशन वेलफेयर फाउंडेशन का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर टेलर ने कहा, संस्था का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। यह वितरण सिर्फ एक प्रयास है, आगे भी सेवा कार्य लगातार जारी रहेंगे। इस पुनीत कार्य में संस्था के अन्य सदस्यों एवं स्वयंसेवकों का भी अहम योगदान रहा, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

नल कनेक्शन से आमजन को लाभ

सीकर । जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियन्ता आर.के राठी ने बतया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा निर्मित पानी की विभिन्न टंकियों पंप हाउस एवं हर घर जल कनेक्शन जैसे विकास कार्यों से बड़ी संख्या में आमजन लाभान्वित हो रहे है। जलदाय विभाग द्वारा जल जीवन मिशन योजना का उद्देश्य हर घर तक जल पहुंचाना है। जिले के गांवों में जलदाय विभाग द्वारा मिशन के तहत जल कनेक्शन जारी किए जा रहे हैं। इससे गांवों की पेयजल समस्या दूर हुई है और लोगों को रोजमर्रा के कामों में सुगमता आई है। पेयजल समस्या दूर होने से लाभार्थी एवं ग्रामीण मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार व्यक्त कर रहे है।

उपखंड अधिकारी वर्मा ने किया गैंनाणी खुदाई का निरीक्षण

- अति शीघ्र 60 एचपी का पंप सेट खरीदा जाएगा
- 2 वर्ष पूर्व 36 लाख रुपए में हुई गैंनाणी की खुदाई

राजलदेसर । राजलदेसर कस्बे में सोमवार देर शाम को रतनगढ़ उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा ने गेंनाणी खुदाई के कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संतोष व्यक्त किया एवं उनके साथ आए आर यू डी आई पी के एक्शन आर डी गर्ग, नगर पालिका की एक्सईन पूर्णिमा यादव , आर यू बी के अधिकारी सहायक अभियंता विकास मीणा राजलदेसर नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता भरत गोड़ आदि उनके साथ थे उपखंड अधिकारी ने पंप हाउस में मोटर एवं बारिश के समय में कस्बे वासियों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए तीनों अधिकारियों को अलर्ट रहने के आदेश दिए। उन्होंने कहा अति शीघ्र पंप हाउस के लिए 60 एचपी की एक मोटर नगर पालिका को खरीदने के आदेश दिए जिसके लिए संबंधित पंप चालक लालचंद को इसकी जिम्मेदारी सौपी गई है। इसके अलावा गैनाणी मैं किसी तरह का कचरा ना हो इसके लिए नाले के आगे जाली लगाना एवं पंप हाउस के पास इंटरलॉक सड़क दीवार का निर्माण आदि के लिए कनिष्ठ अभियंता भरत गोड़ को निदेशित किया गया है।

इसके अलावा कस्बे में जहां पर बरसाती पानी अधिक इकट्ठा होता है वहां के पंप सेट को ठीक करने एवं एक्स्ट्रा में पंप सेट तैयार रखने की बात कहीं। वहीं जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के आदेश की पालना के तहत उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा ने तीसरी बार गैनाणी का निरीक्षण किया है एवं अति शीघ्र ही पंप हाउस में मोटर और लगने पर निरीक्षण करने की बात कही। ज्ञात रहे 2 वर्ष पूर्व गेंनाणी की खुदाई में 36 लाख रुपए मैं मात्र 30 परसेंट खुदाई हुई थी इस बार 15 लाख रुपए में 70 परसेंट खुदाई की जा चुकी है।

इससे साफ तौर पर दिखाई दे रहा है कि पिछली बार भ्रष्टाचार निश्चित रूप में हुआ है क्योंकि 2 साल पहले महंगाई कम थी इस बार ज्यादा है उसके उपरांत भी अच्छी खुदाई हुई है वही कांठोस सेवा दल के नगर अध्यक्ष लाभचंद सोनी ने राजलदेसर कस्बे में गारंटी पीरियड में बनी सड़के जगह-जगह से टूटी पड़ी है इसको लेकर उपखंड अधिकारी को अवगत कराया उपखंड अधिकारी ने उपस्थित तीनों अधिकारियों से कहा संबंधित सड़कों की जांच करके ठेकेदारों को नोटिस दिया जाए इसके अलावा उन्होंने नाला की सफाई लाइट चलाने वाले एवं पंप हाउस चलाने वाले ठेकेदारों को लंबे समय से चल रहा बकाया भुगतान करने की बात कही जिसके लिए कनिष्ठ अभियंता भरत गोड़ ने कहा अतिशीघ्र ही भुगतान करवा दिया जाएगा।

वही उपखंड अधिकारी ने कहा मानसून के समय में बरसाती पानी से राजलदेसर कस्बे वासियों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसके लिए जिला कलेक्टर ने सख्त आदेश दिए हैं इसके लिए नगर पालिका पूरी तरह से अलर्ट रहे हैं इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोहनलाल मेघवाल ठेकेदार सोनू वाल्मीकि आदि उपस्थित थे।

12 जून को जैन भवन में होंगे कार्यक्रम

सीकर । केंद्र की भाजपा सरकार के ऐतिहासिक 11 वर्ष पूर्ण होने पर 12 जून को कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संकल्प से सिद्धि तक यह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम के सहसंयोजक नेमीचंद कुमावत ने बताया कि 12 जून को बजाज रोड स्थित जैन भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के ऐतिहासिक 11 वर्ष पूर्ण होने पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता अलवर से विधायक बाबा बालकनाथ होंगे।

कार्यक्रमों की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज बाटड करेंगे। कुमावत ने बताया कि 12 जून को सुबह 8 बजे बजाज रोड स्थित जैन भवन में अलवर से भाजपा विधायक बाबा बालकनाथ जिले के शीर्ष नेतृत्व के साथ केंद्र सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में उपलब्धियों की प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे।

झाझडिया के जन्म दिवस पर मरीजों को फल बांटे

राजलदेसर । भारतीय जनता पार्टी के चूरू लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र झाझडिया का जन्मदिवस राजकीय चिकित्सालय में भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता पूर्व नगर महामंत्री मदन दाधीच के सानिध्य में राजकीय चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित करके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही श्री राजलदेसर गौशाला में गौ माता को गुड भी खिलाया गया।

इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता सांवरमल सुथार, मानसिंह शेखावत ,युवा नेता कालूराम तंवर ,शंकर लाल जाट ,जानकी प्रसाद टेलर, इमरान शेख, चांद मोहम्मद,चांद रतन, जाकिर, इंद्राज शर्मा, नितिन सोनी, साजिद नागौरी, असलम, कालूराम, दीनदयाल कटारिया आदि भाजपा नेता उपस्थित थे इस अवसर भाजपा नेता मानसिंह शेखावत ने कहा उनके जन्मदिवस पर मरीजों को फल वितरित करके उनके स्वस्थ एवं लंबी उम्र की कामना की।

अमानक बीज से बचाव के उपाय बताये

सीकर । अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) सीकर खंड सीकर राम निवास पालीवाल ने बताया कि अमानक (नकली) बीज ऐसे बीज होते हैं जो दिखने में असली और प्रमाणित बीज जैसे लगते हैं, लेकिन उनकी गुणवत्ता बहुत खराब होती है। इनमें अंकुरण दर कम होती है, पौधे की बढ़वार कमजोर होती है और उत्पादन अपेक्षित मात्रा में नहीं मिलता है। ये बीज भारतीय बीज अधिनियम 1966 के अनुसार निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरते।

अमानक बीज से बचाव के उपाय : प्रमाणित और ब्रांडेड बीज का उपयोग करें, कृषि विभाग द्वारा पंजीकृत और बीज अधिनियम 1966 के तहत प्रमाणित बीज ही खरीदें।,बीज पैकेट पर सर्टिफाइड सीड का चिन्ह, प्रमाणन तिथि, वैधता तिथि, अंकुरण दर और लाइसेंस नंबर अवश्य देखें। अधिकृत विक्रेता से ही खरीदारी करें : बीज केवल कृषि विभाग से अधिकृत विक्रेताओं या सरकारी बीज निगमों की दुकानों से ही खरीदें। इससे बीज की गुणवत्ता और शिकायत की स्थिति में समाधान की व्यवस्था रहती है। बीज की पहचान और जांच : बुवाई से पहले बीज का अंकुरण परीक्षण अवश्य करें।100 बीजों का एक नमूना लेकर नम कपड़े में अंकुरित कर अंकुरण दर जांची जा सकती है।यदि 80-90 बीज अंकुरित होते हैं तो बीज अच्छा माना जाता है।60-70 अंकुरण होने पर बीज दर बढ़ाई जा सकती है।60 से कम अंकुरण होने पर बीज बदलना चाहिए। जागरूकता बढ़ाएं : किसानों को अमानक (नकली) बीजों से बचाव के लिए जागरूक होना बेहद जरूरी है। उन्हें पंचायत स्तर, किसान मेलों, कृषि विभाग के जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए। स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र या कृषि अधिकारी से जानकारी लेकर ही बीज का चुनाव करें। सरकारी योजनाओं और पोर्टल का लाभ उठाएं : सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए कई ऑनलाइन पोर्टल शुरू किए हैं, जैसे 'ई-नाम', 'आई-कृषि पोर्टल' और 'बीज निगरानी प्रणाली'।इन माध्यमों से किसान प्रमाणित बीजों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं। अमानक (नकली) बीज बेचने वालों की सूचना दें : यदि किसी को अमानक (नकली) बीज बेचने की जानकारी मिले, तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय कृषि विभाग या पुलिस को दें। बीज अधिनियम के तहत ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई का प्रावधान है।

लॉट वाइज बिल अवश्य प्राप्त करें: बीज खरीदते समय लॉट वाइज बिल प्राप्त करें ताकि गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। इससे भविष्य में किसी समस्या की स्थिति में समाधान आसान होगा।

अमानक बीजों से बचाव के लिए किसानों को सतर्क रहना चाहिए और प्रमाणित बीजों का ही उपयोग करना चाहिए। यदि किसान सजग रहेंगे।

राजलदेसर गौशाला भ्रमण

राजलदेसर । कस्बे की श्री राजलदेसर गौशाला में जैन मुनि जयकुमार ने मंगलवार प्रात: गौशाला का भ्रमण किया गौशाला की एक-एक गतिविधि को देखा व प्रत्येक विषय को समझा गौशाला का अवलोकन करने के बाद कहा कि यहां बहुत ही सुखद अनुभूति हुई है मुझे यह गौशाला नहीं एक अनुसंधान केंद्र की तरह काम कर रही है जो भी कार्यकर्ता यहाँ सेवा दे रहे वह साधुवाद के पात्र है। उन्होंने गौशाला के ट्रॉमा सेंटर को देखा पर्यावरण संबंधित गतिविधियों की जानकारी ली। पंचगव्य उत्पाद भी देखें एवं गौशाला के नस्ल संवर्धन के कार्य को भी देखा थार पारकर गायों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। हरा चारा उत्पादन आदि प्रक्रिया को भी देखा गौशाला के ऑफिस में मंगला चरण किया और सभी को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर गौशाला के मंत्री ललित दाधीच ने गौशाला में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर गौशाला के उपाध्यक्ष मंगतमल पाण्डिया, हनुमान मल सोनी, रतन लाल बारूपाल सहित अनेको जैन समाज के व्यक्ति उपस्थित थे।

चूरू में फूले फिल्म देखने उमड़ी भीड़, लोगों में दिखा भारी उत्साह

- फुले मूवी के लिए महिलाओं, बालिकाओं और युवाओं में काफी उत्साह नजर आया।

चूरू । स्थानीय टाउन हॉल में 8 जून से चल रही फूले फिल्म के प्रति चूरू में सर्व समाज के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। चूरू में रोजाना तीनों शो में सर्व समाज के लोग फुले मूवी को देखने आ रहे हैं। जिला ओ.बी.सी. वेलफेयर सोसाइटी चूरू व राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर के संयुक्त तत्वावधान में 8 जून से 10 जून तक 3-3 शो में फूले मूवी दिखाई गई है। टाउन हॉल में कुल 9 शो में चूरू के सर्व समाज के 5000 से 6000 लोगों ने फुले मूवी देखी है।

फुले मूवी के लिए महिलाओं, बालिकाओं और युवाओं में काफी उत्साह नजर आया। युवा, नौजवान महात्मा ज्योतिबा और महिलाएं, सावित्री बाई फुले को अपना आइकॉन मान रही है। फिल्म की नारी किरदार सावित्री बाई फुले जो परंपरागत रूप से भारतीय नारी का प्रतिनिधित्व करती है, उनका संघर्ष, सादगी, त्याग और अपने अधिकारों के प्रति लड़ने वाली अबला की छवि को सर्व समाज की महिलाओं ने अपने भीतर महसूस किया है। वह नहीं चाहती कि वह दोयम दर्जे की नागरिक बनकर रहे। इस फिल्म ने मदर इंडिया की नायिका नरगिस की यादें ताजा कर दी है। यह फिल्म मात्र ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले की बायोपिक (जीवन व्रत) नहीं है, अपितु ज्योतिबा फुले, सावित्री बाई फुले, उस्मान शेख व उसकी बहन फातिमा शेख के नेतृत्व में अधिकारों के लिए लड़ी गई सामाजिक क्रांति का संदेश है। लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले के संदेश को आत्मसात किया है। वहीं लोगों ने इस फिल्म के शो को और बढ़ाने का आठाह किया है। इस दौरान मंगलवार को चूरू के दो बार विधायक रहे स्व. मेघराज पंवार की पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गई। प्रात: काल में किसान घाट पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसी क्रम में टाऊन हॉल में भी जिला ओ.बी.सी. वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों ने पंवार को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। तीनों दिनों के सभी शो में सिविल राइट सोसाइटी चूरू की ओर से बीजों के किट वितरित किए गए। इस दौरान जिला ओ.बी.सी. वेलफेयर सोसाइटी चूरू व राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर इकाई चूरू ने सर्व समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गिरधारी लाल तंवर, अध्यक्ष एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति, सावंतराम बरोड़, राजकुमार चिड़दिया, महासचिव चंद्रमोहन सैनी, राधेश्याम स्वामी, कमल पंवार, शीशराम माहिच, हंसराज सावा, सुरेश पंवार, मुन्नीराम शीला, डॉ. अशोक जांगिड़, हरिकिशन जांगिड़, पवन पंवार, गोवर्धनदास स्वामी, ओमप्रकाश तंवर, बजरंग लाल नाई, अमित पंवार, भंवरलाल चोयल, रिछपाल सिंह चारण, धीरज पंवार, चानणमल सैनी, ओंकारमल सैनी, सुनिल पंवार, बैजूराम जांगिड़, शंकरलाल सैनी, कैलाश सिंगोदिया, ओमप्रकाश स्वामी, पुरुषोत्तम सैनी (पटवारी), प्रभुदयाल सिंगोदिया, महावीर प्रसाद स्वामी, बजरंग लाल जांगिड़, राजेंद्र कुमार सैनी, ताराचंद सैनी, एडवोकेट आनंद कुमार, कन्हैयालाल प्रजापत, गुलजारीलाल सैनी, विनोद कुमार पापटाण, अनिल बालाण, भंवरलाल जांगिड़, सुभाष सैनी कड़वासर, श्योकरण सैनी, सुभाष सिंगोदिया, सुरेश प्रजापत, रामवतार टॉक, भारत प्रजापति, रियाजत खान, पिथाराम सैनी, मदनलाल श्यामपुरा, ताराचंद खेड़ीवाल, बृजलाल मीणा, गिरधारी लाल मीणा, हरिराम मीणा, खींवाराम पाटवाल, कैलाश बरोड़, श्रीकृष्ण सैनी, केसरदेव भाटी, गुलाराम रायपुरिया, बिहारी लाल बरोड़ सरपंच रायपुरिया, राधेश्याम कटारिया, पवन यादव, रामस्वरूप बजाड़िया, ताराचंद सैनी, सवाईदान चारण, हरिप्रसाद प्रजापत, प्रितम वाल्मिकी, अर्जुन प्रजापत सहित बड़ी संख्या में सोसायटी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

5000 से अधिक रेल यात्रियों को रसना पिलाया

- 41 वर्षों सेआयोजित जल सेवा शिविर में मंगलवार को 5000 से अधिक रेल यात्रियों को मुरलीधर शर्मा सीनियर स्काउट मास्टर की प्रेरणा से व बबीता चौधरी ओम प्रकाश चौधरी गोपीनाथ रेजिडेंसी सीकर के आर्थिक सहयोग से ठंडी मीठी रसना पिलाकर स्वागत किया।

सीकर। राजस्थान राज्य भारत स्काउट हुआ गाइड जिला मुख्यालय सीकर के तत्वावधान में रेलवे स्टेशन सीकर पर पूरे ग्रीष्म काल में 41 वर्षों सेआयोजित जल सेवा शिविर में मंगलवार को 5000 से अधिक रेल यात्रियों को मुरलीधर शर्मा सीनियर स्काउट मास्टर की प्रेरणा से व बबीता चौधरी ओम प्रकाश चौधरी गोपीनाथ रेजिडेंसी सीकर के आर्थिक सहयोग से ठंडी मीठी रसना पिलाकर स्वागत किया।

विगत एक माह से सीकर जिले के विभिन्न स्थानों पर भारत स्काउट गाइड सदस्यों द्वारा सीकर के अलावा अन्य रेलवे स्टेशन पर बस स्टैंड पर भी शानदार जल सेवाएं प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर भामाशाह है विजय अठावाल भी परिवार सहित जल सेवा देखने पहुंचे और अपनी ओर से भी दो दिन रसना पिलाने के लिए आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की। जिसकी सीकर की जनता की नहीं रेल यात्री भी भूरी-भूरी प्रशंसा कर रहे हैं।

इस दौरान मनोहर लाल ,मुरलीधर शर्मा ,हरिओम लाटा ,देवीलाल, मोहनलाल सुखाड़िया, भामाशाह है सुभाष पारीक, अश्विनी कुमार व श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सीकर के स्काउट सीनियर स्काउट नवीन सैन, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्यामपुरा के होनहार स्काउट अमित मुंडोतिया, रवि शंकर, संदीप कुमार, रोहित सिंह अरविंद कुमार, धैर्य तंवर,धीरज शर्मा , पंकज कुमार, धीरज कुमार, स्काउट गाइड की सदस्य उपस्थित रहें।

दिव्यांशी सैनी बनी आकर्षण का केंद्र : पाटन में शहीद जेपी यादव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नीमकाथाना में ग्रीष्मकालीन समर कैंप में विद्यार्थी ने अपने भावनाओं को दीवारों व पोस्टरो पर उकेरा। हर वर्ष की भांति इस बार भी बच्चों ने हर्ष और उल्लास के साथ सुंदर-सुंदर पेंटिंग बनाकर हर एक्टिविटी में आकर्षण का केंद्र रहा है। बच्चे पर्यावरण ,मतदाता, स्वच्छ भारत व अनेक प्रकार के चित्रों के माध्यम से आमजन को जागरूक करने का संदेश देने की प्रेरणा को लेकर सुंदर-सुंदर पेंटिंग बनाई है।

बॉक्सिंग प्रतियोगिता का भव्य समापन

पाटन । गुढ़ा पब्लिक स्कूल, नीमकाथाना परिसर में 8 से 10 जून तक आयोजित 6वीं राज्य स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता का भव्य समापन मंगलवार को हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन सीकर एवं गुढ़ा पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।इस प्रतियोगिता में नीमकाथाना के अंशुल सैनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया और उन्हें बेस्ट बॉक्सर के अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। वहीं, आदित्य सिंह ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया।समापन समारोह की अध्यक्षता गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमेन सम्पत बेनीवाल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी एवं विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर भागीरथ साख उपस्थित रहे।समारोह में सम्पत बेनीवाल ने अंशुल सैनी को 21,000 का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। साथ ही विधायक सुरेश मोदी ने नीमकाथाना स्टेडियम में बॉक्सिंग रिंग उपलब्ध करवाने तथा अंशुल को प्रशिक्षण के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करने की घोषणा की।

प्रतियोगिता में टीम स्तर पर बालक एवं बालिका वर्ग में जयपुर टीम ने विजेता का खिताब जीता, जबकि बालिका वर्ग में बीकानेर और बालक वर्ग में अजमेर उपविजेता रहे। बालिका वर्ग में साक्षी प्रजापति को बेस्ट बॉक्सर का पुरस्कार प्रदान किया गया।इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया गया, जिनमें नरेंद्र कुमार निर्वाण (उपाध्यक्ष, बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया)धीरेंद्र सिंह (अध्यक्ष, राजस्थान बॉक्सिंग एसोसिएशन) नाथूलाल (उपाध्यक्ष, राजस्थान बॉक्सिंग) लक्ष्मण सिंह चौहान (अध्यक्ष, जयपुर बॉक्सिंग) अनूप कुमार (द्रोणाचार्य अवॉर्डी) मान सिंह (पर्यवेक्षक, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद)श्रीमती सरिता चौधरी (पर्यवेक्षक, जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र, सीकर)कोच प्रेम कुमार, राजकिशोर फौजी, सुनील बारासा एवं गिरीश शर्मा रहे।प्रतियोगिता के आयोजन सचिव एवं राजस्थान बॉक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष महेन्द्र लूणीवाल और बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार निर्वाण ने प्रतियोगिता की सफल और भव्य मेज़बानी के लिए सम्पत बेनीवाल, सत्येन्द्र जांगिड़, प्रिंसिपल डॉ. प्रदीप भाटी और प्रशासक अजय घायल का आभार जताया।यह प्रतियोगिता राज्यभर से आए प्रतिभावान खिलाड़ियों की श्रेष्ठता का मंच बनी और नीमकाथाना की प्रतिभाओं ने इसमें अपनी चमक बिखेरते हुए क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।

एसोसिएशन सीकर एवं गुढ़ा पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।इस प्रतियोगिता में नीमकाथाना के अंशुल सैनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया और उन्हें बेस्ट बॉक्सर के अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। वहीं, आदित्य सिंह ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया।समापन समारोह की अध्यक्षता गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमेन सम्पत बेनीवाल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी एवं विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर भागीरथ साख उपस्थित रहे।समारोह में सम्पत बेनीवाल ने अंशुल सैनी को 21,000 का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। साथ ही विधायक सुरेश मोदी ने नीमकाथाना स्टेडियम में बॉक्सिंग रिंग उपलब्ध करवाने तथा अंशुल को प्रशिक्षण के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करने की घोषणा की।

प्रतियोगिता में टीम स्तर पर बालक एवं बालिका वर्ग में जयपुर टीम ने विजेता का खिताब जीता, जबकि बालिका वर्ग में बीकानेर और बालक वर्ग में अजमेर उपविजेता रहे। बालिका वर्ग में साक्षी प्रजापति को बेस्ट बॉक्सर का पुरस्कार प्रदान किया गया।इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया गया, जिनमें नरेंद्र कुमार निर्वाण (उपाध्यक्ष, बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया) धीरेंद्र सिंह (अध्यक्ष, राजस्थान बॉक्सिंग एसोसिएशन) एवं गिरीश शर्मा रहे।

चौधरी ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

अजमेर, (कासं)।राजस्थान में दुग्ध उत्पादकों की बढ़ती समस्याओं को लेकर अजमेर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने मंगलवार को अजमेर सर्किट हाउस में प्रदेश के राज्यपाल हरीभाऊ किशनराव बागड़े को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रदेशभर के दुग्ध उत्पादकों और जिला संघों से जुड़ी तीन प्रमुख समस्याओं को तत्काल सुलझाने की माँग की गई है। अजमेर डेयरी सदर रामचन्द्र चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना की लगभग 250 करोड़ की राशि बीते 5 महीनों से बकाया है, उन्होंने कहा कि अमूल, पायस, लोटस, और अन्य निजी डेयरियों के बढ़ते प्रभाव के बीच सहकारी डेयरियों को प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए यह भुगतान अत्यत आवश्यक है। भुगतान में देरी के कारण दुग्ध संकलन प्रभावित हो रहा है और राजस्थान, जो देश में दुग्ध संकलन में पहले स्थान पर था, अब दूसरे स्थान पर पहुंच चुका है।

सार-समाचार

'दिव्यांग छात्रों के लिए अकादमी खोली जाएगी'

भीलवाड़ा। मूक बधिर विद्यालय में दिव्यांग छात्र-छात्राओं की उच्च एऊ तकनीकि शिक्षा के लिए डिप्लोमा एवं टिचर्स ट्रेनिग अकादमी खोली जाऐगी। इसके अतिरिक्त अन्ध विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्त किया जाएगा। बधिर बाल कल्याण विकास समिति की बुधवार को अध्यक्ष एवं संगम ठ्रुप के चेयरमेन रामपाल सोनी की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई जिसमें दिव्यांग एवं अन्ध विद्यार्थियों को भीलवाड़ा में प्रदेश स्तर की उच्च गुणवता की सभी प्रकार की शिक्षा मुहिया कराने पर निर्णय लिये गये। बैठक में आर. के. जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि बधिर बाल कल्याण विकास समिति के पास पर्याप्त स्थान और सभी प्रकार की सुविधाऐं उप्लब्ध है। वर्तमान में विद्यालय का आधार भूत ढ्राचा मजबूत है इन का बहतर तरीके से उपयोग करते हुए आने वाले सत्र में तकनीकि शिक्षा देने के लिए डिप्लोमा कोर्स एवं टिचर्स ट्रैनिंग अकादमी शुरू करने का निर्णय लिया गया इस बारे में जैन ने पेपर डिस्पले के माध्यम से योजना के बारे में समिति के सदस्यों को विस्तार से जान कारी दी तथा योजना के बारे में एडवान्स में तैयारी करली गई है। जैन ने बताया कि समिति के अधीन चल रहे अन्ध उच्च प्राथमिक विद्यालय को क्रमोन्त कर कक्षा दस तक की शिक्षा दिये जाने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त अन्ध विद्यालय के छात्रों को भी आवासीय सुविधा देने का निर्णय लिया गया इसके अतिरिक्त छात्राओं के लिए अलग से होस्टल सुविधा शुरू किये जाने का निर्णय लिया गया है जिससे विद्यालय में रह कर अन्ध विद्यर्थी को आने जाने की परेशानी नहीं होगी। समिति के अध्यक्ष सोनी ने विद्यालय विस्तार के साथ शिक्षा के उच्च मापदण्ड की शिक्षा दिये जाने पर जोर दिया समिति की बैठक में काम-काज को लेकर कॉरपोरेट की झलक दिखाई दी। सोनी ने पहली बार कठोर शब्दों में सभी सदस्यों से कहा कि संस्था को शिखर पर ले जाने के लिए बदलाव की जरूरत है अन्यथा संस्था पिछड़ जाएगी। उन्होने कहा कि दिव्यांग बच्चों के शिक्षा में बड़ा बदलाव आ रहा है इसके लिए देश के प्रमुख शिक्षण संस्थाओं में जाकर देखने की जरूरत है। उन्होने कहा कि इस संस्था को कार्य करते हुए 40 वर्ष हो गये है। लेकिन छात्रों की संख्या में विशेंष प्रगति दिखाई नहीं देती है इसके लिए ऐसा रोड़ मेप तैयार किया जाना चाहिये की जिले के प्रत्येक तहसील स्तर पर जाकर दिव्व्यांग बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करके विद्यालय तक लाने का प्रयास करना चाहिये इसके लिए अभिभावकों को तैयार करने तथा जिला प्रशासन के सहयोग से दिव्यांग बच्चों को पढ़ाई के लिए तैयार करने की जरूरत है। सोनी ने सुझाव दिया कि अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रशिक्षित अध्यापकों की सेवाएं ली जानी चाहिये। उन्होने क्वालिटी शिक्षा के साथ छात्रों को अन्य गतिविधियों से जोड़े जाने पर बल दिया इसके लिए अतिरिक्त ट्रेन्ड अध्यापक रखे जाने का सुझाव दिया।उन्होने कहा कि अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए समिति को अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराने में पिछे नहीं रहेगें लेकिन उसके बाद समिति अच्छे परिणामों की उम्मीद रखती है। सोनी ने बताया कि प्रदेश सरकार दिव्यांगों के विकास के लिए अनेक योजनाऐं लागू कर रखी है उन योजनाओं का दिव्यांग छात्रों को अधिक से अधिक लाभ दिला सके उसके लिए प्रयास करने चाहिये। सोनी ने बताया कि आने वाले समय में यहां तकनीकी शिक्षा देने के लिए डिप्लोमा कोर्स एवं टिचर्स ट्रैनिंग अकादमी खोलने की तैयारी की जा रही है जिससें शिक्षण संस्था के कार्य में विस्तार होगा यहां से निकले छात्र विभिन्न क्षे